परिवार नियोजन सेवाओं के उपयोग को सुगम बनाने में एक्रेडिटिड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट (आशा) को समर्थ बनाना

उद्देश्य

शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाली पिछड़ी और संवेदनशील आबादी के बीच परिवार नियोजन सेवाओं के उपयोग को सुगम बनाने में एक्रेडिटिड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट (आशा) की भूमिका को ज्यादा प्रभावशाली बनाने में जिला स्वास्थ्यकर्मियों की मदद करना।

श्रोता (जो इस टूल का प्रयोग करेंगे)

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ/सीएमएचओ/सीडीएमओ)
- नोडल अधिकारी–शहरी स्वास्थ्य व परिवार नियोजन
- चिकित्सा अधिकारी–शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (यूपीएचसी)
- जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम)
- जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (डीसीपीएम)
- आशा समन्वयक
- एनजीओ/स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाएं

पृष्ठभूमि

आशा सामुदायिक स्तर पर सेवा प्रदाता के रूप में काम करती हैं। वे परिवार नियोजन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं तक समुदाय की पहुंच सुगम बनाकर रोकी जा सकने वाली शिशु और मातृ मत्यु को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन्हें हाल ही में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) में शामिल किया गया है।

एनएचएम के अनुसार, शहरी आशा भी ग्रामीण आशा की तरह ही काम करती है, और शहरी गरीबों तथा और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच एक कड़ी का काम करती है। ग्रामीण आशा की तरह, शहरी आशा विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी और सलाह देने के लिए घर–घर जाती हैं। वे शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों (यूएचएनडी) में सहायता करती हैं, समुदाय में स्वास्थ्य पर जागरुकता बढ़ाने वाली महिला आरोग्य समिति की बैठकें आयोजित करने में मदद करती हैं और सेवाओं का प्रचार करती हैं (आशा के कार्यक्षेत्र की जानकारी के लिए रेफर करें– शहरी क्षेत्रों में आशा के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण माड्यूल, खंड 1, पृष्ठ संख्या 7 से 13)।

आशा के परिवार नियोजन संबंधी कार्य

1. उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में अर्बन हैल्थ इंडेक्स रजिस्टर (यूएचआईआर) में या इस तरह के दूसरे रजिस्टर में पात्र दंपत्तियों का परिवार–वार डाटा रखना
2. प्रसवोत्तर विज़िट करना और परिवार नियोजन के बारे में सलाह देना
3. परिवार नियोजन के सभी साधनों की जानकारी तथा परामर्श देना एवं जो दम्पति ओसीपी या कंडोम का प्रयोग करना चाहते हैं, उन्हें उनके घर पर भी इन्हें उपलब्ध कराना।
4. दंपत्ति को उनके लिए सबसे अनुकूल परिवार नियोजन का तरीका चुनने और ज़रूरी गर्भनिरोधक सेवाएं प्राप्त करने में उनकी मदद करना।

आशा के विस्तृत कार्य और जिम्मदारियों के लिए रेफर करें–http://nrhm.gov.in/images/pdf/communitization/asha/ASHA_Induction_Module_English.pdf- खंड 1– पृष्ठ संख्या 7 से 13

प्रभाव के प्रमाण

आशा द्वारा महिलाओं/पात्र दंपत्तियों से संपर्क करने से परिवार नियोजन सेवाओं के रेफरल और गर्भनिरोधक अपनाने वाले नए प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ती है।

यूएचआई के एण्डलाइन मूल्यांकन डाटा के अनुसार 65 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने आशा के साथ परिवार नियोजन पर चर्चा की और लगभग 40 प्रतिशत महिलाओं ने प्रसव के बाद 12 माह के भीतर आशा से मुलाकात की।

यूएचआई का अनुभव दर्शाता है कि आशा को अपने समुदायों में अच्छी स्वीकृति मिली और वे परिवार नियोजन और अन्य सेवाओं को बढ़ावा देने में आगे रहीं। उन्होंने अपने समुदायों और स्वास्थ्य प्रणाली के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम किया। उन्होंने न केवल सूचना और सलाह उपलब्ध कराई, बल्कि महिलाओं को सेवा केन्द्रों तक भी पहुंचाया। इसके अलावा, आशा के साथ जिन महिलाओं ने परिवार नियोजन के बारे में बात की, उनमें से अधिकांश ने गर्भनिरोध अपनाया।

हालांकि आशा की नियुक्ति कार्यान्वित किए गए कई महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों में से एक थी, फिर भी परिणाम उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाते हैं।

परिवार नियोजन मोबिलाइजर के रूप में आशा की क्षमता बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन

परिवार नियोजन पर विशिष्ट व गहन प्रशिक्षणः

हालांकि आशा को प्रारंभिक प्रशिक्षण मिला है, पर उसमें परिवार नियोजन का केवल एक सत्र था। अपने समुदायों को गुणवत्ता वाली परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आशा को अधिक गहन प्रशिक्षण की आवश्यकता है। आशा के लिए परिवार नियोजन और इंफार्म्ड चौइस परामर्श पर दो दिन का विशेष प्रशिक्षण ज़रूरी है।

जॉब–एड्सः

परिवार नियोजन जॉब–एड्स उपलब्ध कराने से आशा को घरों की विज़िट के दौरान अधिक प्रभावी अंतर–वैयक्तिक सलाह देने में मदद मिलेगी।

एरिया एएनएम द्वारा आशा का मार्गदर्शन और सहायक पर्यवेक्षणः

अपने समुदाय की परिवार नियोजन संबंधी ज़रूरतों को असरदार तरीके से पूरा करने के लिए अपेक्षित कौशल प्राप्त करने में आशा का प्रशिक्षण सिर्फ पहला कदम है। अपने प्रशिक्षण को प्रयोग में लाने के लिए आशा को काम के दौरान लगातार मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण की ज़रूरत है।

आशा के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण पर दिशानिर्देश आशा समन्वयक हेतु पुस्तिका में दिए गए हैं और इसमें पर्यवेक्षक फील्ड विजिट जांचसूची और फीडबैक हेतु जांचसूची शामिल की गई हैं (रेफर करें– आशा समन्वयक हेतु दिशानिर्देश, जिला आशा संसाधन केन्द्र–गुजरात, अनुलग्नक–1 और अनुलग्नक–2, पृष्ठ संख्या 8 से 10–http://nhm.gov.in/images/pdf/communitisation/asha/Handbook_for_ASHA_Facilitators.pdf)।

प्रदर्शन के लिए मान्यता और पुरस्कार देनाः

अच्छा काम करने वाली आशा को मान्यता और पुरस्कार देने से आशा को प्रेरित करने और ड्रॉप–आउट रोकने में मदद मिलती है।

आशा प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण घटकः

- सबसे संवेदनशील आबादी सहित सभी घरों की मैपिंग करना और सूची बनाना (रेफर करें– टीसीआईएचसी का मैपिंग और लिस्टिंग टूल)
- सबसे ज्यादा ज़रूरतमंद दंपत्तियों और महिलाओं के पास पहले जाना
- आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों की पूरी और सही जानकारी देना
- नए उपयोगकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए परिवार नियोजन पर सूचना और सलाह देना और विधियों का लगातार इस्तेमाल करने और यदि ज़रूरी हो तो बदलने के लिए प्रेरित करना (रेफर करें– अंतर–वैयक्तिक कम्युनिकेशन पर प्रशिक्षण मॉडयूल और विधि विशिष्ट प्रशिक्षण पीपीटी)
- उपयोगकर्ता के बने रहने का फॉलोअप और ड्रॉप–आउट का पता लगाना
- किसी साइड इफैक्ट या समस्याओं के उपचार के लिए फॉलोअप और रेफरल
- यूएचएनडी और आउटरीच कैंपों के लिए समुदाय को जुटाना
- महिला आरोग्य समिति की स्थापना, सुगमता और सहायता
- रिकार्ड रखना

आशा के लिए जॉब–एड्सः

- विधि–विशिष्ट सलाह कार्ड
- बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न और उनके उत्तर
- हैंडबिल, जिनमें उन केन्द्रों की सूची है जहां परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध हैं
- परिवार नियोजन के लिए उपलब्ध विभिन्न तरीकों को दर्शाने वाली गर्भनिरोधक डिसप्ले किट

निम्नलिखित लिंक पर प्रदर्शित सामग्रियां रेफर करें– http://www.iecrmncha.in/node/102

आशा को मजबूत बनाने के लिए भूमिका और जिम्मेदारियां

सीएमओ / सीएमएचओ / सीडीएमओ

- सुनिश्चित करना कि आशा का चयन और तैनाती रिकार्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स (आरओपी) के अनुसार की जाए।
- कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) प्रक्रिया के माध्यम से आशा के प्रशिक्षण और उनके कार्य को सुगम बनाने के लिए धनराशि सुनिश्चित करना (रेफर करें– टीसीआईएचसी का पीआईपी टूल)।
- आशा को प्रशिक्षण देने के लिए विस्तृत अनुभव वाले योग्य प्रशिक्षकों की पहचान / नियुक्त करना (रेफर करें– प्रशिक्षण की योजना बनाते समय राज्यों से लिए जाने वाले मास्टर प्रशिक्षकों की सूची)।
- एनयूएचएम के अनुसार आशा के कार्य को सुगम बनाने के लिए एनजीओ / स्वास्थ्य भागीदार नियुक्त करना।
- विशेषकर परिवार नियोजन सूचकों के आधार पर आशा घटक की भौतिक प्रगति (प्रोग्रामेटिक और वित्तीय) की समीक्षा करना।

नोडल अधिकारी–शहरी स्वास्थ्य और परिवार नियोजन

- परिवार नियोजन के बारे में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।
- आशा के लिए परिवार नियोजन पर पूरक प्रशिक्षण देना।
- परिवार नियोजन जॉब–एड्स, आईईसी सामग्रियां, चीजें और अन्य आपूर्तियां उपलब्ध कराना।
- आशा का सहायक पर्यवेक्षण सुनिश्चित करना।
- अच्छा काम करने वाली आशा की पहचान करना और उन्हें पुरस्कृत करना।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक

- आशा घटक के लिए बजट बनाने में सीएमओ / सीएमएचओ / सीडीएमओ की सहायता करना।
- योजनाएं बनाना और आशा घटक का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।

जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक

- आशा का चयन और नियुक्ति सुनिश्चित करना।
- परिवार नियोजन के तरीकों के बारे में आशा की क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करना।
- संवेदनशील आबादी की पहचान करने में सहायता देना (रेफर करें– टीसीआईएचसी का मैपिंग और लिस्टिंग टूल)।
- एमओआईसी के साथ मिलकर परिवार नियोजन के सूचकों पर आशा के प्रदर्शन की आवधिक समीक्षा करना।

चिकित्सा प्रभारी–यूपीएचसी

- आशा को परिवार नियोजन जॉब–एड्स, आईईसी सामग्रियां, चीजें और अन्य आपूर्तियां देना।
- यूएचएनडी और ओआरसी के लिए रोस्टर और सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- परिवार नियोजन सूचकों पर आशा के प्रदर्शन की समग्र मॉनिटरिंग और समीक्षा करना।
- आशा को फिक्स्ड डे स्टैटिक (एफडीएस) सेवा अनुसूची के बारे में बताना।
- तय नियमों एवं शर्तों के आधार पर आशा को समय पर भुगतान कराना।

एएनएम (आशा समन्वयक)

- आशा को मार्गदर्शन और सहायक पर्यवेक्षण देना।
- परिवार नियोजन की सामग्रियों की समय पर मांग और आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- आशा को एफडीएस सेवा अनुसूची के बारे में बताना।
- आशा के लिए वस्तुओं और सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- आशा से परिवार नियोजन का डाटा लेना और इनका मिलान करना।

आशा भुगतान की नई प्रणाली (मासिक गतिविधि)

आशा सहायक दस्तावेज़ों सहित मासिक आल क्लेम फार्म तैयार करें (माह की 1 से 4 तारीख के अंदर)

सहायक दस्तावेज़ों सहित मासिक आल क्लेम फार्म बीपीएचसी पर लिया जाए। लेने के साथ ही उसी समय दर्ज किया जाए और अभिस्वीकृति का प्रिंट दिया जाए। सभी इंसेटिव के लिए सिंगल विंडो प्रणाली (अगले माह की 5 से 12 तारीख के अंदर)

क्लेम मिलने पर आशा को एसएमएस द्वारा सूचना

दस्तावेज़ों की जांच और एसडीएमओ व एचओ द्वारा अनुमोदन (अगले माह की 13 से 22 तारीख के अंदर)

क्लेम के अनुमोदन पर आशा को एसएमएस द्वारा सूचना

पीएफएमएस या सीपीएसएमएस पोर्टल द्वारा आशा बैंक खाते में सीधा ट्रांस्फर

क्लेम का भुगतान होने पर आशा को एसएमएस द्वारा सूचना

प्रदर्शन और परिणामों की मॉनिटरिंग

एएनएम, आशा समन्वयक, डीसीएम और शहरी स्वास्थ्य संयोजक (यूएचसी), आशा द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों और सूचकों के आधार पर उनकी मॉनिटरिंग करते हैं। ये सूचक एचएमआईएस, आशा रजिस्टर, आशा समन्वयक की रिपोर्ट और अन्य कार्यकलापों की रिपोर्ट में उपलब्ध डाटा से प्राप्त किए जा सकते हैं, व इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- आशा की स्वीकृत संख्या की तुलना में आशा की वर्तमान संख्या
- प्रशिक्षित आशा की तुलना में आशा की वर्तमान संख्या
- उन आशा की संख्या जो परिवार नियोजन पर पूरक प्रशिक्षण ले चुकी हैं
- नियोजित बैठकों की संख्या की तुलना में आशा की मासिक बैठकों की संख्या
- आशा समन्वयक से सहायक पर्यवेक्षण लेने वाली आशाओं का प्रतिशत
- पात्र दंपत्तियों की संख्या, जिन्होंने आशा से सेवाएं प्राप्त की हैं
- संस्थागत प्रसवों की संख्या और प्रतिशत
- प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं को स्वीकार करने वालों की संख्या और प्रतिशत
- आशा द्वारा अपने साथ प्रसव के लिए ले जाई गई महिलाओं की संख्या
- आशा द्वारा भर्ती नए परिवार नियोजन स्वीकार करने वालों की संख्या
- आशा का प्रतिशत, जिनके पास कंडोम और गोलियों का स्टॉक है

- आशा मासिक बैठकों की संख्या, जिनमें परिवार नियोजन प्रदर्शन और संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई
- उन आशा का प्रतिशत जिन्होंने पात्र दंपत्तियों और गर्भवती महिलाओं के घर जाने के लिए प्राथमिकता योजना बनाई
- आशा द्वारा विज़िट किए गए संवेदनशील और पिछड़े घरों का प्रतिशत

इसके अलावा, फील्ड विज़िट के जरिये यह जांच करना भी ज़रूरी है कि क्या आशा को जॉब–एड्स और आईईसी सामग्रियां दी गई हैं और क्या आशा पात्र दंपत्तियों में आईईसी सामग्रियों का वितरण कर रही हैं।

सीएमओ/सीएमएचओ/सीडीएमओ और यूपीएचसी की मासिक बैठकों में इन सूचकों पर मॉनिटरिंग की जा सकती है। बैठकें आशा के प्रदर्शन से संबंधित सूचना को साझा करने और सत्यापित करने, और समस्या समाधान के लिए एक फोरम की तरह काम करती हैं।

लागत

परिवार नियोजन को सुगम बनाने ओर सहायता के लिए आशा की क्षमता बढ़ाने में निम्नलिखित मदों को बजट करने की आवश्यकता है। यदि बजट नहीं किया गया है, तो पूरक पीआईपी और अगले वर्ष के पीआईपी में अनुरोध किया जाना चाहिए (रेफर करें– टीसीआईएचसी का पीआईपी टूल)

यह तालिका मात्र एक सूचक है और यह दर्शाती है कि किस प्रकार से लागत तत्वों का सरकारी पीआईपी में प्रावधान किया जाता है। इस प्रकार से श्रोताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है कि किसी विशेष कार्य जैसे 'शहरी आशा को समर्थ बनाने' से जुड़ी लागत की तलाश कहां करें।

लागत	एफएमआर कोड	स्रोत
आशा को प्रशिक्षण देने के लिए परिवार नियोजन पर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देना	पी.3.4	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
परिवार नियोजन पर आशा के लिए पूरक प्रशिक्षण	पी.3.4	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
जॉब–एड्स, आईईसी सामग्रियां	पी.3.4	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
वस्तुएं और सामग्रियां	पी.4.4.1.1	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
आशा के लिए परिवार नियोजन इन्सेंटिव	पी.6.1.2.1	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
आशा को पुरस्कार और मान्यता	बी1.1.3.7.1	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी
आशा के पर्यवेक्षण और मॉनिटरिंग के लिए एनजीओ नियुक्त करना	उपलब्ध नहीं	आरओपी 2016–17, एनएचएम–यूपी

निरंतरता

आशा घटक एनयूएचएम के अंतर्गत बना रहेगा। बहरहाल, गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराने में आशा की क्षमता सुनिश्चित करने के लिए सीएमओ/सीएमएचओ/सीडीओ की ओर से ठोस प्रयास अपेक्षित होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आशा के पारिश्रमिक, प्रशिक्षण और मॉनिटरिंग की लागतों को पीआईपी में शामिल किया जाए। अच्छा काम करने वाली आशा को सम्मानित और पुरस्कृत करने से उनके सतत् कार्यों के लिए उन्हें प्रेरित किया जा सकता है।

उपलब्ध संसाधन

- शहरी क्षेत्रों में आशा के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण माड्यूल, अंग्रेजी, खंड 1, पेज नंबर 7 से 13
- शहरी क्षेत्रों में आशा के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण माड्यूल, हिंदी
- आशा समन्वयक के लिए दिशानिर्देश, जिला आशा संसाधन केन्द्र–गुजरात, अनुलग्नक–1 और अनुलग्नक–2, पृष्ठ संख्या 8 से 10
- आशा सपोर्ट प्रणाली के लिए फ्लो चार्ट
- अंतर–वैयक्तिक कम्युनिकेशन पर प्रशिक्षण मॉड्यूल
- प्रशिक्षण की योजना बनाते समय राज्यों से लिए जाने वाले मास्टर प्रशिक्षकों की सूची
- जॉब–एड्सः http://www.iecrmncha.in/node/102
- विधि–विशिष्ट प्रशिक्षण पीपीटी
- विधि–विशिष्ट सलाह कार्ड
- बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्न और उत्तर
- गर्भनिरोधक डिसप्ले किट
- गर्भावस्था जांच चेकलिस्ट
- प्रभाविकता चार्ट
- आईपीसी गुणवत्ता संवर्धन टूल
- टीजी सेगमेंटेशन मेट्रिक्स, हिंदी
- परिवार नियोजन फिल्में, हिंदी
- अर्बन हैल्थ इंडेक्स रजिस्टर (यूएचआईआर)
- आरओपी, 2016–17, एनएचएम–यूपी
- टीसीआईएचसी का मैपिंग और लिस्टिंग टूल
- टीसीआईएचसी का पीआईपी टूल

दावा परित्यागः
यह दस्तावेज इन कार्यक्रमों से संकलित की गई सीख पर आधारित है – अर्बन हेल्थ इनिशिएटिव (बीएमजीएफ समर्थित), हैल्थ ऑफ द अर्बन पूअर (यूएसएड समर्थित) व उत्तर प्रदेश में (बीएमजीएफ समर्थित) एक्सपैन्ड एक्सेस एण्ड क्वालिटी टु ब्रॉडन मेथड चौइस (ईएक्यू)। यह दस्तावेज निर्देशात्मक नहीं है, बल्कि यह मार्गदर्शन प्रदान करता है कि इस दस्तावेज के विशेष पहलू पर इन परियोजनाओं में किस प्रकार से कार्यवाही की गई। इस सीख को श्रोता अपने कार्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, या अपनी विशेष स्थिति के अनुसार ढाल सकते हैं।

tci THE CHALLENGE INITIATIVE
HEALTHY CITIES INDIA

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
पॉप्युलेशन सर्विसेज इंटरनैशनल
सी–445, चित्तरंजन पार्क, नई दिल्ली 110019